**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के 01 शुक्रवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-02 का उत्तर**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| **02-** | (क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-जौनपुर के विकास खण्ड व तहसील बदलापुर के ग्राम पंचायत ऊदपुर गेल्हवा (दाऊदपुर) में सड़कों के किनारे राम नयन शुक्ल के घर के समीप हनुमान जी के मन्दिर के पास लगे बिजली के पोलों पर स्ट्रीट लाइटें न होने से मन्दिर में आने वाले श्रद्धालुओं तथा निवासियों को शाम के समय अंधेरा होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? | जी हाँ। |
| | (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त बिजली के पोलों पर स्ट्रीट लाइटें लगवायेंगे? | प्रश्नगत कार्य एक हाईमास्ट लाइट लगाये जाने में रू0 5.60 लाख का व्यय होना अनुमानित है। चूंकि वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना फ्रीज हो चुकी है। उक्त कार्य को कराये जाने का प्रस्ताव आगामी वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2025-26 में सम्मिलित करते हुए जिला पंचायत जौनपुर की आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा एवं सदन द्वारा लिए गये निर्णयानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। |
| | (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ओम प्रकाश राजभर**
मंत्री